STD: IV II Language

PAGE No.
DATE: / /

11/12/25

January Month Portion and Notes:

Portion:

कविता: ११: चमकते तारे [1-8 पंक्तियाँ लेखन कार्य]

पाठ: १३: कौओं की परेशानी

पाठ: १४: मित्रता

पाठ: १६: पढ़िए और सीखिए - संयुक्त अक्षर [Non-Testing]

व्याकरण - भाग

पाठ: १०: मुहावरे (16-22)

पाठ: १२: रचनात्मक लेखन

क) पत्र लेखन : Pg. no. 88 and 90

ख) अनुच्छेद लेखन : * बारीश का एक दिन
* रेल संग्रहालय की सैर

ग) अपठित गद्यांश : Pg. no. 102 and 104

घ) आओ दोहराएँ - 3

Scanned with OKEN Scanner

PAGE No.
DATE : / /

Notes:

I. कविता : 11. चमकते तारे [1-8 पंक्तियाँ लेखन कार्य]

II. शब्दार्थ :-

1. चादर - Sheet
2. वेश - रूप - guise
3. जगमगाते - चमकते - twinkling/shining
4. सूर्य छिपना - सूर्य अस्त होना - Sunset
5. परी - fairy
6. अँधेरा - अँधियारा - darkness
7. दीप - दीया - lamp
8. गगन - आकाश - sky

अभ्यास [Exercises]

मौखिक अभ्यास :-

I. नीचे दिए गए प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए :-

क. सूरज डूबने के बाद क्या होता है?

उत्तर: सूरज डूबने के बाद रात होती है।

ख) रात में आसमान कैसा दिखता है?

उत्तर: आसमान सुन्दर नीली चादर-सा प्रतीत होता है।

Scanned with OKEN Scanner

ग. आसमान में तारे कैसे लगते हैं ?

उत्तर: आसमान में तारे सुन्दर परियों जैसे चमकते हैं।

घ. तारे कैसे चमकते हैं ?

उत्तर: तारे आसमान में टिम-टिम करते हुए चमकते हैं।

लिखित अभ्यास :-

1. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

क. दीपा ने अपनी माँ से क्या पूछा ?

उत्तर: दीपा ने अपनी माँ से पूछा कि क्या रोज़ आसमान में दीप जलाकर दिवाली मनाई जाती है।

ख. माँ ने दीपा को क्या कहा ?

उत्तर: माँ ने दीपा से कहा, "सूर्य छिपने के बाद जब रात होती है, तब नील-गगन पर जगमग करते टिम-टिम तारे चमकते हैं।"

ग. 'रोज़ दीवाली मनाने' का क्या तात्पर्य है ?

उत्तर: रोज़ दिवाली मनाने से तात्पर्य है - आसमान में जो तारे चमकते हैं, वह दीपों के समान सुंदर

PAGE No.
DATE / /

लगते हैं। वे रात के अँधेरे को प्रकाशित करते हैं जिससे पूरा संसार जगमगा उठता है।

2. खाली स्थान भरिए :-

क. आसमान में रात के समय तारे चमकते हैं।

ख. तारे रात में दीपक जैसे लगते हैं।

ग. सूर्य छिपे, जब रात होती है।

3. आकाश में तारों के अलावा आप क्या-क्या देखते हैं? किन्हीं तीन के नाम लिखिए :-

क. बादल (ख) चाँद (ग) सूरज

व्याकरण (Grammar)

विलोम शब्द लिखिए :

क. आकाश × धरती

ख. सुंदर × असुंदर / बदसूरत

ग. रात × दिन

घ. ऊपर × नीचे

ङ. अच्छा × बुरा

च. अँधेरा × उजाला

11/12/25

## पाठ: 13. कौओं की परेशानी

I. शब्दार्थ :

1. समस्या - मुश्किल - Problem
2. सुझाव - सलाह - Suggestion
3. बरगद का पेड़ - banyan tree
4. घोंसला - nest
5. उपाय - तरीका - Solution
6. नदी का तट - नदी का किनारा - the bank of river
7. मोतियों का हार - Pearl necklace
8. लटकाना - to hang
9. अंडे - eggs
10. परेशानी - trouble

II. मौखिक अभ्यास :

नीचे दिए गए प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए:

क. कौए कहाँ रहते थे?

उत्तर: कौए छोटे-से गाँव के बाहर एक बरगद के पेड़ पर रहते थे।

Scanned with OKEN Scanner

PAGE No.
DATE: / /

ख. साँप ने अपना बिल कहाँ बनाया था ?

उत्तर. साँप ने उसी बरगद के पेड़ के नीचे बिल बनाया था, जिस पर कौए रहते थे।

लिखित अभ्यास :

1. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

क. जब कौए भोजन के लिए जाते तो क्या होता था?

उत्तर कौए जब घोंसले से भोजन के लिए जाते थे, तो साँप वहाँ रखे अण्डे खा जाता था।

ख. कौओं का बुद्धिमान मित्र कौन था ? उसने क्या उपाय बताया ?

उत्तर कौओं का बुद्धिमान मित्र गीदड़ था। गीदड़ ने बताया कि कौए किस तरह रानी का हार चुराकर साँप को मरवा सकते हैं।

ग. कौओं ने किस तरह साँप से पीछा छुड़ाया ?

उत्तर: कौओं ने रानी का मोती का एक हार उठाया और उसे सावधानी से साँप के बिल के पास रखकर उड़ गए।

Scanned with OKEN Scanner

सैनिकों ने जब उस हार को साँप के बिल के पास रखा देखा तो उन्होंने साँप को मार दिया और हार लेकर रानी के पास चले गये।

घ. इस कहानी से हमें क्या शिक्षा मिलती है?

उत्तर: इस कहानी से हमें यह सीख मिलती है कि अपनी बुद्धि का सही प्रयोग करके किसी भी बड़ी-से-बड़ी मुसीबत का सामना कर सकते हैं।

२. खाली स्थान भरिए :-

क) बरगद (ख) अण्डों (ग) गीदड़

घ) योजना (ङ) मोतियों

शब्द ज्ञान

नीचे लिखे शब्दों से वाक्य बनाइए।

क) बरगद - बरगद के पेड़ पर कौओं का घोंसला था

ख) सावधानी - हमें हर काम सावधानी से करना चाहिए

ग) साँप - यह साँप बहुत जहरीला है।

घ) नदी - गंगा एक पवित्र नदी है।

Scanned with OKEN Scanner

PAGE No.
DATE: / /

ङ) रानी - झाँसी की रानी एक वीरांगना थी।

व्याकरण : [Grammar]

दिए गए शब्दों के वर्णों को अलग कीजिए।

क) कौआ - क् + औ + आ

ख) बरगद - ब + र + ग + द

ग) गीदड़ - ग् + ई + द + ड़

घ) भोजन - भ् + ओ + ज + न

ङ) रानी - र् + आ + न् + ई

नीचे लिखे वाक्यों में से विशेषण और विशेष्य शब्द चुनकर रिक्त स्थानों में लिखिए।

| विशेषण | विशेष्य |
|---|---|
| क) महान | देश |
| ख) काले | थैले |
| अच्छी | पुस्तक |
| ग) बड़े | घर |
| अच्छे | लोग |
| घ) काला | घोड़ा |

Scanned with OKEN Scanner

16/12/25

PAGE No.
DATE: / /

# पाठ : 14. मित्रता [Friendship]

I शब्दार्थ :-

Pg. no. 84

II अभ्यास [Exercises]

मौखिक अभ्यास :-

नीचे दिए गए प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए।

क) जंगल में कौन-कौन रहा करते थे?

उत्तर: जंगल में शेर और लोमड़ी रहा करते थे।

ख) लोमड़ी ने शेर को पहली बार देखकर क्या किया?

उत्तर: लोमड़ी, शेर को देख डरकर घनी झाड़ियों में छिप गई।

ग) लोमड़ी को शेर की कौन-सी बातें अच्छी लगीं?

उत्तर: लोमड़ी को शेर का रंग और उसका कद बहुत अच्छा लगा।

घ) दोनों ने तीसरी बार मिलकर क्या बातचीत की?

उत्तर: लोमड़ी ने सारा समय शेर के साथ बिताया और उसके परिवार के बारे में बातचीत की। उन्होंने एक-

Scanned with OKEN Scanner

PAGE No
DATE : / /

दूसरे से दुबारा मिलने का वादा किया।

ङ: इस कहानी से हमें क्या शिक्षा मिलती है?

उत्तर: इस कहानी से हमें यह शिक्षा मिलती है कि मित्रता में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होता है। फिर चाहे वह अमीर हो या गरीब, कोई अन्तर नहीं होता है।

लिखित अभ्यास :-

सही वाक्यों पर (✓) और गलत पर (×) का चिह्न लगाइए :-

क) एक शहर में शेर और लोमड़ी रहा करते थे। ×

ख) लोमड़ी शेर को देखकर डर गई थी। ✓

ग) लोमड़ी को शेर का कद छोटा लगा। ×

घ) शेर और लोमड़ी में मित्रता हो गई। ✓

व्याकरण [Grammar]

क) डर × साहस (ग) अच्छा × बुरा

ख) दूर × पास (घ) छोटा × बड़ा

[Complete all book back exercises also]

Scanned with OKEN Scanner

16/12/25

PAGE No.
DATE: / /

व्याकरण - भाग

I पाठ : 10. मुहावरे (16-22)

Pg. no. 76

II पाठ : 12. रचनात्मक लेखन

(1) क) पत्र लेखन :

Pg. no. 88 from book.

(2) पत्र लेखन

Pg. no. 90

आप छात्रावास में रहते हैं। अपने पिताजी को अपनी पढ़ाई के बारे में बताते हुए पत्र लिखिए।

पोन विद्याश्रम स्कूल
चेन्नै - 600087

10 जनवरी 2026

आदरणीय पिताजी

चरण स्पर्श।

आपका पत्र मिला। पढ़कर बहुत खुशी हुई कि घर पर सभी कुशल हैं। मैं भी यहाँ कुशलपूर्वक हूँ। अगले महीने मेरी प्रथम सत्र की परीक्षाएँ शुरू होनेवाली हैं। मैं भी विषयों की तैयारी कर ली है। यहाँ का

Scanned with OKEN Scanner

वातावरण बहुत शांत है। आशा है कि मैं परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करूँगी। माँ को मेरा प्रणाम और भाई को प्यार कह देना।

आपकी पुत्री
x x x।

3) अनुच्छेद लेखन :
(क) बारिश का एक दिन :-

* एक दिन मैं और मेरी छोटी बहन स्कूल से घर लौट रहे थे।
* अचानक तेज़ हवाएँ चलने लगी। आसमान में काले बादल छा गए।
* बिजली चमकने लगी और तेज़ बारिश शुरू हो गई।
* हमारे पास छाता नहीं था, दोनों बारिश में भीग गए।
* हमारा बस्ता भी गीला हो गया। (*) घर पहुँचकर गीली किताबों और कॉपियाँ को निकालकर सूखने के लिए रख दीं।
* मेरी छोटी बहन को ठंड लग गई और उसे छींके आने लगीं।

Scanned with OKEN Scanner

* माँ ने बेसन का हलवा और पकौड़े बनाए।
* हमने कपड़े बदलकर गरमागरम हलवा और पकौड़े खाए और आराम किए।

(ख) रेल संग्रहालय की सैर

* रविवार का दिन था। मैं माँ-पिताजी के साथ रेल संग्रहालय देखने गए।
* हम अपनी कार से चाणक्यपुरी स्थित रेल संग्रहालय पहुँचे।
* पिताजी ने टिकट खरीदे। टिकट दिखाकर संग्रहालय के अंदर गए।
* यहाँ भारतीय रेल का इतिहास दिखाया गया है।
* इस संग्रहालय में तरह-तरह के रेल इंजन और डिब्बे रखे गए हैं।
* हमने यहाँ भारत की पहली रेल का मॉडल और इंजन देखा।
* यहाँ एक छोटी रेलगाड़ी चलती है, जो कि संग्रहालय का पूरा चक्कर लगवाती है।

PAGE No.
DATE / /

* संग्रहालय में रेल से संबंधित 100 से अधिक वस्तुएँ प्रदर्शित की गई हैं।

* यहाँ एक पार्क भी है जिसमें बच्चों के लिए झूले लगे हुए हैं।

* मैं भी काफ़ी देर तक झूला झूलती रही और खूब मज़ा किया।

ग) अपठित गद्यांश :

* Pg. no. 102 in book

* Pg. no. 104

प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

क) कागज़ का उपयोग हम किसलिए करते हैं ?

उत्तर: हम कागज का उपयोग लिखने और छपाई के लिए करते हैं।

ख) जब कागज़ नहीं था तब किसपर लिखा जाता था ?

उत्तर: जब कागज़ नहीं था तब पेड़ों की छाल और पत्तों पर लिखा जाता था।

Scanned with OKEN Scanner

ग) कागज़ किन चीजों से बनाया जाता था ?

उत्तर: कागज़ लकड़ी, बाँस और घास से बनाया जाता है।

घ) कागज़ का प्रयोग समझदारी से न करने पर क्या होगा

उत्तर: पर्यावरण पर संकट आ जाएगा।

ङ.) इस गद्यांश का उचित शीर्षक लिखो।

उत्तर: इस गद्यांश का उचित शीर्षक "कागज़" है।

(घ) आओ दोहराएँ - 3

1. दिए गए शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखो :-

क) आँख - नेत्र, नयन

ख) पेड़ - वृक्ष, तरु

2. दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखो :-

क) लाभ : हानि (ख) प्रशंसा × निंदा

ग) न्याय × अन्याय

3. रंगीन शब्दों के लिए एक शब्द लिखकर वाक्य पूरे करो :-

उत्तर: क) वह लकड़हारा है।

ख) वह मोची है।

PAGE No.
DATE : / /

ग) यह हमारा सा ____ कार्य है।

घ) वह आलसी है।

4. दिए गए अनेकार्थी शब्दों के अर्थ लिखो।

क) हार - पराजय, गले का आभूषण, माला, हारना

ख) वार - दिन, प्रहार, हमला

5. दिए गए श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्दों से वाक्य बनाओ।

क) ओर - वह घर की ओर जा रहा है।

और - मुझे आम और सेब पसंद हैं।

ख) कोश - शेर की आयाल उसके कोश कहलाते हैं।

कोष - विद्यालय का कोष बढ़ाया गया।

6. समूहवाची शब्दों से रिक्त स्थान भरो।

क) चींटियों की पंक्ति

ख) धागों की गुच्छी

7. मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाओ :-

क) होश उड़ जाना - घबरा जाना

गाँव में अचानक डाकुओं के आने से गाँववालों के होश उड़ गए।

Scanned with OKEN Scanner

ख) मुँह में पानी आना – ललचाना
दीदी को गोलगप्पे खाता देख मेरे मुँह में पानी आ गया।

8. अंकों को शब्दों में :

१९ – उन्नीस    ४४ – चौवालीस

३१ – इकतीस    ५० – पचास

9. अपनी पसंदीदा कहानी के बारे में मित्र से हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखो।

छात्र स्वयं लिखें।

10. राष्ट्रीय पशु (बाघ) पर ८० से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखें।

छात्र स्वयं लिखें।

11. अपनी प्रधानाध्यापिका को अपनी स्कूल बस के समय पर न आने के कारण पर प्रार्थना-पत्र लिखें

छात्र स्वयं लिखें।

V. Zmeshwari

Scanned with OKEN Scanner